BSES

बीएसईएस की अपील: *स्वच्छ भारत अभियान* का हिस्सा बनें

- 15 लाख रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं को एसएमएस भेजकर अनुरोध कर रही है बीएसईएस
- स्कूली कार्यक्रमों में भी स्वच्छता के बारे में छात्रों को जागरूक किया जाएगा
- अर्थ आवर की तरह *स्वच्छ भारत अभियान* को भी लोकप्रिय बनाएगी बीएसईएस

नई दिल्लीः 30 सितंबर, 2014। बीएसईएस ने अपने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे दिल्ली को साफ–सुथरा व सुंदर बनाने के लिए राष्ट्रव्यापी *स्वच्छ भारत अभियान* का हिस्सा बनें। बीएसईएस ने अपने सभी वर्गों के उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे रोजाना आधे घंटे का समय साफ–सफाई के लिए निकालें। इसका बच्चों पर अच्छा असर पड़ेगा और नई पीढ़ी सफाई के प्रति जागरूक होगी। बीएसईएस ने स्कूलों में चल रहे अपने कार्यक्रमों में भी छात्रों को सफाई के बारे में जागरूक करने का फैसला किया है।

खुद स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा बनते हुए, बीएसईएस ने 950 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले अपने सभी ऑफिसों में सफाई को एक मिशन के तौर पर लिया है। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर बीएसईएस के हजारों अधिकारी व कर्मचारी अपने आस–पास को स्वच्छ व साफ–सुथरा बनाने की शपथ लेंगे। इस अभियान को रोचक बनाने के लिए बीएसईएस के सभी 33 डिविजनों के बीच 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक इंटरहाउस हाउसकीपिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक– जिस तरह बीएसईएस ने दिल्ली में अर्थ आवर को लोकप्रिय बनाया है, उसी तरह यहां *स्वच्छ भारत अभियान* को भी लोकप्रिय बनाया जाएगा।

15 लाख से अधिक रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं को एसएमएस भेजकर इस अभियान में शामिल होने का अनुरोध किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर उपभोक्ताओं को ईमेल भी भेजे जाएंगे। बीएसईएस के दफ्तरों में बैनर और स्टैंडीज लगाकर भी इस इस अभियान को लोकप्रिय बनाने की कोशिश की जा रही है।

बीएसईएस के मुताबिक– स्वच्छ भारत अभियान बेहतर जीवन की दिशा में उठाया गया कदम है। यह सिर्फ कुछ घंटे या कुछ दिन का मसला नहीं होना चाहिए, बल्कि हमें अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में स्वच्छता को शामिल करना होगा। इस तरह के छोटे–छोटे प्रयासों से हम बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

बीएसईएस प्रवक्ता का कहना है कि बीएसईएस अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति अपने दायित्वों को लेकर पूरी तरह सजग है, और इस दिशा में कई कदम उठा रही है। *स्वच्छ भारत अभियान* को अपने 35 लाख उपभोक्ताओं के बीच जोर–शोर से प्रमोट करना और इस बारे में जागरूकता फैलाना इन्हीं कदमों में से एक है। यह ऐसे बदलावों की तरह है, जिन पर लोग आसानी से अमल कर सकते हैं।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल व बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

....